भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

13.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1715 का उत्तर

पत्रकारों के लिए रेलवे रियायतों को पुनः बहाल करना

1715. श्रीमती राजाथी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020 में यात्रा रियायतों के निलंबन से पूर्व के तीन वर्षों में प्रतिवर्ष रेल रियायतों का लाभ उठाने वाले मान्यता प्राप्त पत्रकारों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2020 से वर्ष 2025 तक विशेष रूप से पत्रकार रियायतों के निलंबन से रेलवे को हुई अनुमानित वार्षिक वित्तीय बचत कितनी है;

(ग) वर्ष 2020 से अब तक राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पत्रकार संगठनों से यात्रा लाभों की बहाली के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों की संख्या कितनी है; और

(घ) रेल परिचालनों के पूर्ण रूप से सामान्य होने के बावजूद इस लाभ को पुनः बहाल करने में जारी विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और वर्ष 2023-24 में यात्री टिकटों पर 60,466 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई। यह राशि रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए औसतन 45% की रियायत के बराबर है। दूसरे शब्दों में, यदि सेवा प्रदान करने की लागत 100 रुपए है, तो टिकट की कीमत केवल 55 रुपए होगी। यह सब्सिडी सभी यात्रियों के लिए जारी है। इसके अलावा, दिव्यांगजनों की 4 कोटियों, रोगियों की 11 कोटियों और विद्यार्थियों की 8 कोटियों जैसी कई कोटियों के लिए इस सब्सिडी से अतिरिक्त रियायतें जारी रखी गई हैं।

राज्य सरकारों, संसद सदस्यों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि की मांगों तथा रेलवे की अपनी आवश्यकताओं के आधार पर रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर, अन्य बातों के साथ-साथ, देश भर में रेल परियोजनाओं/निर्माण कार्यों हेतु औपचारिक और अनौपचारिक, दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। चूंकि ऐसे प्रस्तावों/शिकायतों/सुझावों की प्राप्ति एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है, अतः ऐसे अनुरोधों का कोई केंद्रीकृत सार-संग्रह नहीं रखा जाता है। बहरहाल, इनकी जांच की जाती है और व्यवहार्य तथा उचित पाए जाने पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है।

इसके अलावा, विभिन्न क्षेत्रीय रेलो पर विभिन्न वर्गों और विभिन्न गाड़ियों में रियायत का लाभ प्राप्त करने वाले यात्रियों की संख्या वर्ष दर वर्ष बदलती रहती है।

*****